# कल्पवृक्ष

प्रभात खबर

रांची, सोमवार 13.01.2020 | 00




**एचडीएफसी इरगो**

9 जनवरी को अपोलो म्युनिख हेल्थ इंश्योरेंश एचडीएफसी इरगो का हिस्सा बन गयी है. एचडीएफसी ने अपोलो म्युनिख हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में 51.25 फीसदी शेयरों का अधिग्रहण पूरा कर लिया है. अपोलो म्युनिच हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड की शुरुआत 8 अगस्त 2007 को हुई थी. यह अपोलो हॉस्पिटल ग्रुप और म्युनिख हेल्थ के बीच ज्वॉइंट वेंचर था.

## टैक्स सेविंग के लिए बेहतर विकल्प है

# इएलएसएस

वित्त वर्ष 2019-20 के समाप्त होने में मात्र ढाई महीने ही बचे हैं. ऐसे में अगर आपने अभी तक इनकम टैक्स बचाने के लिए कुछ भी उपाय नहीं किये हैं, तो देर नहीं करिये. वित्तीय बाजार में बहुत सारे टैक्स सेविंग विकल्प मौजूद हैं. उनमें से एक है इएलएसएस यानी इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम. आज पेश हैं इसी से जुड़ी कुछ खास जानकारियां.









**प्रवीण मुरारका**
निदेशक, पूनम सिक्युरिटीज, रांची


आज के समय में म्यूचुअल फंड में निवेश काफी लोकप्रिय हो चुके हैं. इक्विटी यानी शेयर में सीधा निवेश न कर म्यूचुअल फंड के माध्यम से निवेश कर अधिकतम रिटर्न पाने की एक विकल्प के रूप में भी कई लोग इसे देखते हैं. और अगर इसी तरह इक्विटी में निवेश करते हुए टैक्स बचाने का विकल्प भी मिल जाये तो क्या कहने. इएलएसएस एक ऐसी ही योजना है जो इक्विटी में निवेश करते हुए आपको टैक्स बचाने का अवसर प्रदान करती है. इसे 2005 में वित्त मंत्रालय द्वारा अधिसूचित किया गया था. इस योजना में कुछ शर्तें भी जुड़ी हुई हैं जो अंततः आपके फायदे के लिए रखी गयी हैं. अधिकांश इएलएसएस याजनाएं ओपेन इंडेड होती हैं यानी इसमें आप साल भर में कभी भी निवेश कर सकते हैं. आयकर अधिनियम की धारा 80सी के तहत टैक्स सेविंग म्यूचुअल फंडों में 1.5 लाख रुपये तक निवेश कर टैक्स छूट का लाभ उठाया जा सकता है. इस वित्त वर्ष में टैक्स छूट का लाभ उठाने के लिए 31 मार्च तक इएलएसएस में निवेश किया जा सकता है. इसमें आप एकमुश्त निवेश कर सकते हैं और चाहें तो छोटी-छोटी किस्तों में एसआइपी के माध्यम से निवेश कर सकते हैं.

## एसआइपी से भी कर सकते हैं निवेश

### 500 रुपये प्रति माह से भी शुरू कर सकते हैं एसआइपी

जिस तरह अन्य म्यूचुअल फंड्स में एसआइपी के माध्यम से छोटी राशियों में हर महीने निवेश किया जा सकता है उसी तरह इएलएसएस में भी आप हर माह एसआइपी के माध्यम से निवेश कर सकते हैं. यह निवेश मात्र 500 रुपये से भी शुरू की जा सकती है.

### एचयूएफ के लिए है बेहतर विकल्प

हिंदू अविभाजित परिवार (एचयूएफ) के लिए टैक्स सेविंग के लिए दो ही टैक्स सेविंग विकल्प मौजूद है, इंश्योरेंश और इएलएसएस. इसलिए एचयूएफ के लिए इश्योरेंश की तुलना में निवेश के लिए इएलएसएस के रूप में बेहतर विकल्प मौजूद है जिसका लाभ वे उठा सकते हैं.



तीन साल की अवधि आपके निवेश की तिथि के अनुसार होती है तय

### तीन साल का होता है लॉक-इन

ईएलएसएस योजना की एक शर्त यह है कि इसमें किया गया निवेश अगले तीन साल के लिए लॉक हो जाता है यानी आप उसे नहीं निकाल सकते. यह तीन साल की अवधि आपके निवेश की तिथि के अनुसार ही निर्धारित होती है. विशेष रूप से ध्यान देनेवाली बात यह है कि हर निवेश के लिए तीन साल की अवधि लागू होती है. सेक्शन 80सी के तहत उपलब्ध विकल्पों में सबसे कम तीन साल की लॉक-इन अवधि ईएलएसएस में होती है. हालांकि, इसका यह मतलब नहीं है कि केवल तीन साल की अवधि को ध्यान में रखकर ही इनमें निवेश किया जाये. चूंकि ये इक्विटी म्यूचुअल फंड ही होते हैं, इसलिए इनमें कम से कम पांच से सात साल के निवेश नजरिये के साथ ही पैसा लगाना चाहिए. वैसे लंबी अवधि में इससे और भी बेहतर रिटर्न प्राप्त किया जा सकता है.



## कैसे चुनें इएलएसएस योजना


वैसे तो बाजार में बहुत सारी म्यूचुअल फंड कंपनियों की अपनी-अपनी इएलएसएस योजनाएं हैं. आपकी सुविधा के लिए हम कुछ इएलएसएस योजनाओं की सूची दे रहे हैं जिनकी बाजार में उपस्थिति पांच साल से अधिक हो चुकी है, साथ ही उनके द्वारा दिये गये रिटर्न को भी प्रस्तुत कर रहें हैं जिससे आपको चुनने में कोई परेशानी न हो.

80सी के तहत 1.5 लाख रुपये तक के निवेश पर टैक्स छूट

### 10 इएलएसएस योजनाएं और उनका रिटर्न

(प्रतिशत में)

| योजनाओं का नाम | 1 वर्ष | 2 वर्ष | 3 वर्ष | 5 वर्ष | अब तक |
|---|---|---|---|---|---|
| एक्सिस लॉन्ग टर्म इक्विटी फंड | 13.27 | 9.65 | 16.86 | 12.34 | 17.25 |
| टाटा इंडिया टैक्स सेविंग फंड | 14.21 | 3.76 | 14.74 | 13.08 | 13.53 |
| डीएसपी टैक्स सेवर फंड | 14.74 | 4.16 | 12.52 | 11.81 | 13.50 |
| कोटक टैक्स सेवर फंड | 11.48 | 4.77 | 12.95 | 10.52 | 11.52 |
| आदित्य बिड़ला सनलाईफ टैक्स रिलीफ'96 | 4.64 | 1.00 | 14.42 | 11.03 | 23.60 |
| आइसीआइसीआइ प्रू एलटी इक्विटी फंड | 7.93 | 5.16 | 10.90 | 9.03 | 19.71 |
| फ्रैंकलिन इंडिया टैक्सशील्ड | 5.30 | 1.78 | 9.18 | 8.49 | 21.60 |
| एचडीएफसी टैक्स सेवर फंड | 3.98 | -2.18 | 8.18 | 6.12 | 24.12 |
| एसबीआइ मैग्नम टैक्सगेन'93 | 4.54 | -0.85 | 7.98 | 6.91 | 15.24 |
| यूटीआई एलटी इक्विटी फंड | 9.51 | 2.53 | 10.69 | 8.41 | 10.62 |



## मुद्रास्फीति को मात करने की है क्षमता

इएलएसएस के पिछले दस वर्षों के प्रदर्शन को देखा जाये तो इसमें लगभग 12-17 प्रतिशत का रिटर्न निवेशकों को प्राप्त हुए हैं. और अगर आज की मुद्रास्फीति की दर को लिया जाये तो यह पांच फीसदी है. इस तरह यह स्पष्ट है कि इएलएसएस में किया गया निवेश मुद्रास्फिति को मात कर आपको बेहतर रिटर्न प्रदान करता है.

**निकासी पर लगता है लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स :** बजट 2018 के अनुसार, इएलएसएस योजना में किये गये निवेश पर निकासी के समय लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स टैक्स लग जायेगा. लंबी अवधि के तहत निवेशकों पर 10% कर लगाया जायेगा. ध्यान रखें इसमें एक लाख तक की राशि कर मुक्त होती है. इससे अधिक की राशि पर ही 10% पर कर लगता है.

## बाजार विश्लेषण

### 2020 में शेयर बाजार में सकारात्मकता का रुझान

शेयर बाजार 2020 में प्रदर्शन भी लगभग 2019 के समान ही सकारात्मक रहने का अनुमान है. यह मुख्य रूप से कंपनियों के आय में कमी लाने वाले कारकों के कम होने की संभावना पर आधारित है. बाजार को प्रभावित करने वाले कारक उसी प्रकार रहेंगे जो 2019 में हावी थे. 2020 में बाजार को प्रभावित करने वाले तीन मुख्य कारक :

**1. देश में कंपनियों की आय में सुधार.**
**2. इमरजिंग शेयर बाजार के प्रति ग्लोबल सेंटीमेंट.**
**3. देश की राजकोषीय स्थिति.**

यद्यपि यह बहस का विषय रहेगा कि अर्थव्यवस्था में सुस्ती बुनियादी कारणों से है या सामयिक उतार-चढाव वाले साइक्लिकल कारणों की वजह से. वैसे यह दोनों ही कारण प्रभावी है.

**70% उम्मीद है ऐसे परिदृश्य की :**

1. कंपनियों की आय में वृद्धि का सकारात्मक असर अब उनके बैलेंस शीट की मजबूती में भी दिखाई देगा क्योंकि दूषित परिसंपत्ति का एक मुश्त सफाई के कारण इनका बैलेंस शीट काफी कमजोर हो गया था जो कि अब मजबूती की ओर पुनः लौटेगा.
2. इमरजिंग शेयर बाजार के प्रति ग्लोबल सेंटीमेंट्स सशंकित लेकिन सकारात्मक रहेगी.
3. देश की राजकोषीय स्थिति कमोबेश नियंत्रण में रहेगी.

**निफ्टी शेयरों की आय में 18 प्रतिशत वृद्धि की दर से निफ्टी का प्रति शेयर आय इपीएस 650 एवं 21 के पीई के हिसाब से दिसंबर 2020 के लिए निफ्टी के 13650 तक पहुंचने की उम्मीद है.**

**मंदी संभावित परिदृश्य : 20% संभावना**

1. कंपनियों की आय में वृद्धि की दर सामान्य रहती है.
2. इमरजिंग शेयर बाजार के प्रति ग्लोबल सेंटीमेंट्स सशंकित लेकिन सकारात्मक रहेगी.
3. राजकोषीय घाटे में अनावश्यक वृद्धि हो जाये या सरकारी व्यय उपभोक्ता मांग वृद्धि कर पाने में असमर्थ हो.

सबसे बडी चिंता वाली यह संभावित परिदृश्य है कि सरकार किसी भी प्रकार के उपभोक्ता मांग वृद्धि करने वाले उत्प्रेरक कदम नहीं उठाती है या अगर कोई कदम उठाती भी है तो इससे राजकोषीय घाटा का आकार नियंत्रण से बाहर हो जाता है और यह संभावना तब और बढ़ जायेगी, जब सरकार अपने उपक्रमों का पर्याप्त विनिवेश कर पाने में सक्षम नहीं हो.

**इसमें भी निफ्टी इपीएस 650 होने की उम्मीद है और 18 के गुणक पर निफ्टी का दिसंबर 2020 में 11700 पहुंचना संभव है.**

**तेजी संभावित परिदृश्य : 9% संभावना**

1. कंपनियों की आय में वृद्धि की दर सामान्य रहती है.
2. इमरजिंग शेयर बाजार के प्रति ग्लोबल सेंटीमेंट्स सकारात्मक रहती है.
3. सरकार बडे पैमाने पर कैपेक्स करे, लेकिन डिसइनवेस्टमेंट की वजह से राजकोषीय घाटा नियंत्रण में रहता है. हालांकि इसकी संभावना कम है, फिर भी मान लेते है कि पिछले 10 वर्षों के खराब प्रदर्शन के बाद अच्छे वैश्विक आर्थिक विकास के आलोक में इमरजिंग मार्केट काफी बेहतर प्रदर्शन करते हैं.

**तेजरिया परिदृश्य में निफ्टी इपीएस मे 18 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है और 24 के गुणक पर दिसंबर 2020 में निफ्टी के 15600 तक पहुंचने की संभावना है.**

**ब्लैक स्वान परिदृश्य : 1% संभावना**

1. कंपनियों की आय में वृद्धि की दर निराशाजनक रहती है.
2. इमरजिंग शेयर बाजार के प्रति ग्लोबल सेंटीमेंट्स नकारात्मक रहता है.
3. राजकोषीय घाटे में वृद्धि हो जाये और सरकारी व्यय डिमांड क्रियेशन की दिशा में हो ही नहीं.

**यह बिल्कुल असंभव जैसा प्रतीत होता है कि बाजार को प्रभावित करने वाले तीनों कारक एक साथ नकारात्मक हो जायें.**

हमें अमेरिकी वित्तीय सचिव रोबर्ट रूबिन का यह लोकप्रिय कहावत याद रखना चाहिए ... एक मात्र निश्चितता यही है कि कुछ भी निश्चित नहीं है और सभी निर्णय संभावनाओं की प्रबलता का परिणाम है. (प्रस्तुति : नारनोलिया रिसर्च)


**आप अपने सवाल, अपनी प्रतिक्रिया और अपने सुझाव हमें हमारे इस पते पर भेज सकते हैं :**
**कल्पवृक्ष, सेंट्रल डेस्क**
प्रभात खबर, 15 पी कोकर इंडस्ट्रियल एरिया, रांची, 834001,
फैक्स 0651-2544006,
Email-centraldesk.ran@prabhatkhabar.in


## राशिफल

डॉ एनके बेरा

**मेष** परिस्थिति में सुधार होगी. जॉब में परिवर्तन होने की संभावना, उच्चस्तरीय लोगों से संपर्क बनाने की कोशिश कामयाब होगी. व्यापार-व्यवसाय में सफलता मिलेगा.

**वृष** रोजी-रोजगार में सफलता. यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा. राजनीतिक लाभ. कार्यक्षेत्र में संतोषजनक प्रगति होगी. आकस्मिक धन लाभ होगा.

**मिथुन** प्रभावशाली लोगों के सहयोग से रुका हुआ काम पूरा होगा, सुख-सौहार्द की वृद्धि, आर्थिक क्षेत्र में सफलता, परिवार में मांगलिक कार्य का संपादन होगा.

**कर्क** सक्रिय व्यक्तित्व का विकास. आत्मविश्वास में वृद्धि, धन-द्रव्य का लाभ,शुभसमाचार की प्राप्ति होगी. नवीन उद्योग-व्यापार की योजनाएं सफल होगी.

**सिंह** सभी काम देर-सबेर पूरा होगा. बेरोजगारों को रोजगार के अवसर बनेंगे. आर्थिक स्थिति संतुलित रहेगी. नौकरी में उच्चाधिकारियों से वाद-विवाद होगा.

**कन्या** पारिवारिक दायित्व पूरे होंगे. पत्नी का परामर्श लाभप्रद सिद्ध होगा. जमीन-मकान संबंधी काम पूरे होंगे. नौकरी-पेशावाले जातकों की सेवा शर्तों में सुधार होगी.

**तुला** कर्मक्षेत्र में अत्यधिक कार्यव्यस्तता. नियमित आमदनी के स्रोत मिलेंगे. राजनीतिक व्यक्तियों को प्रभावशाली पद प्राप्त होगा. प्रेरक प्रसंगों की अभिवृद्धि होगी.

**वृश्चिक** चिरसंचित अभिलाषा पूरी होगी. आकस्मिक लाभ, स्वजन-मित्रों का सहयोग मिलेगा. मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, शुभ संवाद की प्राप्ति होगी. उत्साहित रहेंगे.


**धनु** सुख-साधनों की वृद्धि. आत्मविश्वास में वृद्धि, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा. जमीन-जायदाद के कामों में रूकावट दूर होगी.

**मकर** समसामयिक प्रयास सफल होंगे. सट्टा-लॉटरी से लाभ. हर्षदायक समाचार मिलेंगे. छात्रों के लिए समय ठीक रहेगा. पढ़ाई की ओर ध्यान लगाएं.

**कुंभ** महत्वपूर्ण काम सिद्ध होंगे. आरोग्यसुख, दिमागी तनाव दूर होंगे,पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा. संतान पक्ष से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी.

**मीन** कर्मक्षेत्र में संतोषजनक प्रगति, समसामयिक प्रयास सफल होंगे. व्यापार में लाभ. समस्याओं का निराकरण होकर नौकरी में कुछ उन्नति की संभावना है.

## शब्दपहेली 987




**बायें से दायें**

1 भोजन, आहार, खाना (3)
4 दुहाई, नालिश, अपराधी की शिकायत (4)
6 बातचीत, वार्तालाप (2)
7 साठ से पांच कम (4)
8 सूर्य की किरण (5)
11 विद्यमान, जो चल रहा हो (4)
13 शेष (2,2)
14 नया अन्न या फल खाना (5)
18 डर के मारे संकुचित जगह पर छिपना (4)
19 हाथ, हस्त (2)
20 खानाबदोश, घुमंतू (4)
21 गंभीर, धरती के तल से बहुत नीचे (3)

**ऊपर से नीचे**

1 सब के समक्ष, प्रकट (4)
2 हाथ का आघात, घूंसा, थप्पड़ (4)
3 बाल्यावस्था (4)
5 दबाने की क्रिया (3)
7 लालन-पालन, अमिताभ और विनोद खन्ना की एक फिल्म (5)
9 चीन्हना, अंतर समझना, जान-बूझ लेना (5)
10 उच्च, श्रेष्ठ, उन्नत (2)
12 जननी (2)
15 मान्य, सिद्ध (4)
16 नये ढंग का (4)
17 मरे के समान, मृतप्रायः, अधमुआ (4)
18 दूध की तरह सफेद (3)

### शब्दपहेली उत्तर



## सुडोकू नवताल

पहेली नंबर 4375

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

MANGAL SENAGHA, BANGALORE

### सुडोकू नवताल - 4374 का हल

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |